**दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू**

**सत्र 2024- 25**

**आदर्श परीक्षा पत्र**

**कक्षा- सातवीं** **अंक:80**

**विषय: हिंदी** **समय: 3 घंटे**

**सामान्य निर्देश**

- इस प्रश्न पत्र के दो खंड है-'अ' और 'ब' ।
- दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।
- प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- शब्द सीमा पर विशेष ध्यान दीजिए

**खंड-अ**

**प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक 1×5=5)**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह सभी कार्य अपने आप नहीं कर सकता। वह अनेक कार्यों में दूसरों की सहायता लेता है तो उसे भी दूसरों की मदद करनी पड़ती है। सहायता के इस प्रकार के आदान- प्रदान के अभाव में समाज जीवित नहीं रह सकता। समाज में रहकर व्यक्ति अनेक लोगों के संपर्क में आता है। उनमें से कुछ लोग अच्छे होते हैं, तो कुछ बुरे। मनुष्य पर सभी प्रकार के लोगों का थोड़ा या बहुत प्रभाव अवश्य पड़ता है। पर यह बात स्पष्ट है कि बुरे लोगों की संगति में रहने पर उस पर बुरा तथा अच्छे व्यक्ति के संपर्क में आने का अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसीलिए किसी ने ठीक ही कहा है 'खरबूजे को देखकर खरबूज़ा रंग बदलता है।' व्यक्ति को चाहिए कि वह अच्छे लोगों के साथ उठे-बैठे और अच्छा फल प्राप्त करे जिससे न केवल अपना बल्कि समाज एवं देश का भी हित हो सके।

I) व्यक्ति के लिए अपना, समाज का तथा देश का हित करने के लिए क्या करना चाहिए-

(क)अपने कर्तव्य का पालन। ख) अच्छे लोगों की संगति ग) मिल जुलकर रहना घ) उपर्युक्त सभी

(ii) खरबूज़े को देखकर खरबूज़ा रंग बदलता है। लोकोक्ति का अर्थ है-

(क)एक दूसरे को देखना (ख)एक दूसरे की नकल करना

(ग)एक दूसरे की संगति का प्रभाव पड़ना (घ)एक दूसरे की सहायता करना

iii) निम्नलिखित कथन( A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -

कथन( A) मनुष्य को सामाजिक प्राणी कहा गया है क्योंकि

कारण (R) वह समाज से अलग नहीं रह सकता ।

(क)कथन(A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।

ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

**(ग)कथन (A) सही है लेकिन कारण(R) उसकी गलत व्याख्या करता है।**

**(घ)कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या है।**

**(iV) समाज के जीवित रहने के लिए क्या आवश्यक है?**

**VI) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।**

**▪ व्यवहारिक व्याकरण⁎**

**प्र.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।**

**1)क) 'चंचल' ख) जड़' (विलोम शब्द लिखिए) (अंक -2)**

**2) क) 'गंगा' ख) पत्थर' ( पर्यायवाची शब्द लिखिए) (अंक -2)**

**3) क) 'काया पलट होना' ख) कलेजा ठंडा होना' (मुहावरे का अर्थ लिखिए) (अंक -2)**

**4) क) 'अधर' ख) अरुण' ( अनेकार्थक शब्द लिखिए ) (अंक -2)**

**5) (क) 'बात, 'वात' (ख) 'जाया, ज़ाया ' (समरूपीभिन्नार्थक शब्द लिखिए) (अंक -2)**

**6) क) 'जिसका कोई शत्रु न हो'। ( ख) जो छोड़ा न जा सके (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए) (अंक -2)**

**7) स्पर्श व्यंजनों की संख्या कितनी है? (अंक -1)**

**8) स्वर के कितने भेद होते हैं? (अंक -1)**

**9) स्वर संधि के कितने भेद होते हैं। (अंक -1)**

**10) 'अनुशासन' शब्द का (उपसर्ग लिखिए) (अंक -1)**

**11) 'चित्रकार' शब्द का (प्रत्यय लिखिए) (अंक -1)**

**12) संक्षेप में लिखने के लिए कौन से विराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है? (अंक -1)**

**13) ' सु +आगत' (संधि शब्द लिखिए) (अंक -1)**

**14) महात्मा गांधी जी ने कहा, "सत्य ही ईश्वर है"। (प्रयुक्त विराम चिन्ह का नाम लिखें) (अंक -1)**

## खंड-ब

**प्र.3.निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों हेतु सही विकल्प चुन कर लिखिए।(अंक 1×5=5)**

उसके स्नेहाभिषिक्त कंठ से फूटा हुआ गान सुनकर निकट के मकानों में हलचल मच जाती। छोटे-छोटे बच्चों को अपनी गोद में लिए युवतियाँ चिकों को उठाकर छज्जों पर नीचे झाँकने लगतीं। गलियों और उनके अंतर्व्यापी छोटे-छोटे उद्यानों में खेलते और इठलाते हुए बच्चों का झुंड उसे घेर लेता और तब वह खिलौनेवाला वहीं बैठकर खिलौने की पेटी खोल देता।

**1) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ में से लिया गया है?**

अ) टिकट अलबम आ) मिठाईवाला इ) नादान दोस्त ई) ऐसे-ऐसे

**2) खिलौनेवाले का स्वर कैसा था?**

अ) बेसुरा    आ) मीठा    इ) कर्कश    ई) तीखा

**3) किसके गान से हलचल मच जाती थी?**

(अ) बच्चों के    (आ) आसपास के रहने वालों के

इ)भिखारी के    ई) खिलौनेवाले के

**4) युवतियाँ कहाँ से देखने लगी थी?**

अ) छज्जे से    आ) भीड़ से

इ) खेत से    (ई) इनमें से कोई नहीं

**5) बच्चे किसे घेर लेते थे?**

अ) पड़ोसियों को    आ) दोस्तों को

इ) युवतियों को    ई) खिलौनेवाले को

**(वर्णनात्मक प्रश्न)**

**प्र०4:- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए। (3×2=6)**

क) मिठाईवाले में वे कौन से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे, बड़े भी उसकी ओर खिंचे चले आते थे? ?

ख) नदियों को माँ मानने की परंपरा हमारे यहाँ काफ़ी पुरानी है। लेकिन लेखक नागार्जुन उन्हें और किन रूपों में देखते हैं?

ग) नाटक में आपको सबसे बुद्धिमान पात्र कौन लगा और क्यों?

**प्र.5 निम्नलिखित में से किसी एक आशय को स्पष्ट कीजिए(2×1=2)**

‘अचानक बोल मोर

जैसे किसी ने आवाज़ दी-सुनते हो’

अथवा

‘तब सब कुछ कितना अलग था’

**प्र०6 निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ।(1×2=2)**

क) स्तब्ध    ख) मृदुल    ग) सभागार

**प्र.7 निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों हेतु सही विकल्प चुन कर लिखिए। (अंक 1×5=5)**

**गुस्से से उबली**

**बोली-ये धागे**

**क्यों हैं मेरे पीछे-आगे?**

**इन्हें तोड़ दो।**

**मुझे मेरे पाँवों पर छोड़ दो।**

**1) उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता कौन हैं?**

(क) मीरा बाई (ख) रहीम

(ग) भवानीप्रसाद मिश्र (घ) प्रयाग शुक्ल

**2) 'कठपुतली' का जीवन कैसा था?**

(क) कैदी (ख) धागों से बँधा

(ग) दूसरों के हाथों में (घ) उपर्युक्त सभी

**3) कठपुतली को किनसे परेशानी थी?**

(क) धागों से (ख) गुस्से से

(ग) पाँवों से (घ) इनमें कोई नहीं

**4) कठपुतली गुस्से से क्यों उबल पड़ी?**

(क) वह स्वतंत्र होना चाहती थी

(ख) वह अकेले रहना चाहती थी

(ग) पराधीनता से परेशान थी

(घ) उपर्युक्त सभी

**5) 'कठपुतली' कविता में कौन सा भाव प्रकट किया है?**

(क) प्यार (ख) क्रोध और विरोध

(ग) नफरत (घ) बैर

**प्र०8:- निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 15 से 20 शब्दों में लिखिए। (2×2=4)**

क) कठपुतली को अपने पाँवों पर खड़ी होने की इच्छा है, लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती?

ख) शाम के समय अंधकार कहाँ और कैसे दिख रहा है?

ग) 'शाम एक किसान' कविता में पहाड़ को किस रूप में चित्रित किया गया है?

**(मूल्यपरक प्रश्न )**

**प्र०9:- निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। (5×1=5)**

- आजकल लोग फेरीवालों से सामान खरीदना कम पसंद करते हैं? क्यों? अपने विचार 50 से 60 शब्दों में लिखिए।

अथवा

- दृढनिश्चय और अथक परिश्रम से हम हर कार्य में सफलता प्राप्त कर सकते हैं? क्या आप इस विचार से सहमत हैं? अपने विचार 50 से 60 शब्दों में लिखिए।

**पूरक पुस्तक**

**प्र०10:- निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए। (3×2=6)**

**क) पितामह भीष्म ने द्रोणाचार्य को कौरवों पांडवों का गुरु क्यों बना दिया था?**

**ख) दुर्योधन के दूतों ने आकर युधिष्ठिर से क्या कहा था?**

**ग) पितामह भीष्म ने द्रोणाचार्य को कौरवों व पांडवो का गुरु क्यों बना दिया था?**

**लेखन**

**प्र०11:- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 60-70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (5×1 = 5)**

- परिश्रम **का महत्त्व●**

**संकेत बिंदु:-**

◆ परिश्रम का अर्थ
◆ परिश्रम की आवश्यकता
◆ सफलता की कुंजी
◆ परिश्रम के लाभ

**●वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ●**

**संकेत बिंदु:-**

◆ वृक्षों का महत्त्व
◆ वृक्ष संरक्षण
◆ मानव का योगदान
◆ प्राकृतिक सौंदर्य

**प्र०12:- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। ( 5×1=5 )**

- अपने क्षेत्र में पेयजल की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को 60-70 शब्दों में पत्र लिखिए।

**अथवा**

- खेल का सामान उपलब्ध करने के लिए प्रधानाचार्या जी को 60-70 शब्दों में प्रार्थना पत्र लिखिए।

**प्र०13:- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन तैयार करें। ( 5×1= 5 )**

- 'अमृत शरबत' की विशेषताएँ बताते हुए एक रंगीन एवं आकर्षक विज्ञापन 20 से 25 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

- 'सोनम मोबाइल' की विशेषताएँ बताते हुए एक रंगीन एवं आकर्षक विज्ञापन 20 से 25 शब्दों में तैयार कीजिए।

**प्र॰14:- दिए गए चित्र का वर्णन 50 से 60 शब्दों में कीजिए:- (1×5=5)**

